मानगो: 5 डीप बोरिंग होगी, 2 जलमीनार बनेगी

असर

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। मानगो में पेयजल संकट दूर करने के लिए नगर निगम पांच जगह डीप बोरिंग कराएगा। इसके साथ ही दो जलमीनार और दो प्लेटफॉर्म भी बनाए जाएंगे। इन योजनाओं पर कुल 70 लाख 97 हजार 300 रुपये खर्च होंगे।

सभी काम तीन महीने में पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि आपके प्रिय 'हिन्दुस्तान' की ओर से 11 से 22 नवंबर तक 'मानगो में जल संकट' अभियान चलाकर पांच क्षेत्रों की



- इन योजनाओं पर कुल 70 लाख 97 हजार 300 रुपये खर्च होंगे
- सभी काम तीन महीने में पूरे करने का निर्देश

पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद नगर निगम ने इन समस्याओं के समाधान की योजना तैयार की है।

मेयर सुधा गुप्ता ने बताया कि वार्ड संख्या 05, 07, 17 और 10 के केंदुकोचा एवं टावर मैदान में डीप बोरिंग के साथ जलमीनार बनाई जाएगी। प्रत्येक स्थल पर 10 लाख 84 हजार 900 रुपये खर्च होंगे। वहीं, वार्ड संख्या 12 के लक्ष्मण नगर स्थित काली मंदिर के पास और शांति नगर के 6ए, रोड नंबर-01 में डीप बोरिंग के साथ प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक जगह 8 लाख 36 हजार 400 रुपये खर्च होंगे।

5 जगहों पर पाइपलाइन बिछाने का काम भी शुरू

इससे पहले नगर निगम ने पांच अन्य स्थानों पर इंटरकनेक्टिंग पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कराया है। इसके तहत वार्ड संख्या दो के समतानगर, वार्ड संख्या 22 के बागानशाही मस्जिद के समीप, वार्ड संख्या 25 के बच्चे खान रोड और वार्ड संख्या एक के गुलजार बाग मुख्य सड़क को जोड़ा जाएगा। पाइपलाइन बिछने से पानी का दबाव बढ़ने और घरों तक पर्याप्त पेयजल पहुंचने की उम्मीद है। इससे हजारों परिवारों को राहत मिल सकती है।

विशेष टिकट जांच में धराए बेटिकट यात्री, लगा जुर्माना

जमशेदपुर। यात्रियों को सही टिकट पर यात्रा करने के प्रति जागरूक करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे जोन विभिन्न स्टेशनों पर अलग-अलग दिनों में विशेष टिकट जांच अभियान चला रहा है। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने, जनरल टिकट पर आरक्षित कोच में चढ़ने और टिकट की निर्धारित सीमा से अधिक सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूला जा रहा है। अभियान का उद्देश्य रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करना और यात्रियों को जागरूक करना है।

सोमवार को टाटानगर स्टेशन पर रेलवे जोन के वाणिज्य अधिकारी समीर सौरव के नेतृत्व में वाणिज्य कर्मियों और आरपीएफ जवानों ने विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक यात्री रेलवे नियमों के उल्लंघन के आरोप में पकड़े गए। टिकट निरीक्षकों की टीम ने सभी से जुर्माना वसूला।

योजना को बोर्ड से मंजूरी, 897 करोड़ रुपये खर्च करेगा रेलवे

चांडिल-मुरी लाइन पर 160 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। चांडिल से मुरी तक डबल लाइन बिछाने की योजना को रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन इस परियोजना पर 897 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगा। डबल लाइन को ऐसे विकसित किया जाएगा कि ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकें। इससे भविष्य में परिचालन तेज, सुरक्षित व समयबद्ध होगा और यात्री व मालगाड़ियों की क्षमता भी बढ़ेगी।

इससे पहले रेलवे ने डबल व बाईपास लाइन निर्माण के लिए टेंडर जारी किया था। डबल लाइन के साथ रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों के यार्ड का विस्तार और फुट ओवरब्रिज निर्माण भी होगा। अभी सिंगल लाइन के कारण क्रॉसिंग हेतु ट्रेनों को रुकना पड़ता है, जिससे परिचालन में देरी होती है। डबल लाइन बनने से सिग्नल का इंतजार नहीं करना होगा तथा टाटानगर से मुरी होकर बिहार, यूपी व दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के समय में सुधार होगा। परियोजना के तहत जमीन अधिग्रहण, पुलों का निर्माण, ट्रैक बिछाने, सिग्नल व ट्रैक्शन सिस्टम समेत कई काम होंगे। इधर, रेलवे जोन द्वारा रेल ओवर रेल निर्माण का सर्वे पहले ही कराया जा चुका है।



- टाटा से चलने वाली 8 जोड़ी ट्रेनों की बढ़ेगी रफ्तार
- पुलों निर्माण, ट्रैक बिछाने, सिग्नल व कई काम होंगे

वंदे भारत और राजधानी ट्रेनें मुरी होकर चलती हैं

टाटानगर से मुरी होकर आठ जोड़ी ट्रेनें चलती हैं। इनमें हटिया-हावड़ा क्रिया योग एक्सप्रेस, टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस, टाटानगर-बरकाकाना मेमू पैसेंजर, भुवनेश्वर-दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस, पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस और सांतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस शामिल हैं। डबल लाइन बनने से इन ट्रेनों के परिचालन में सुधार होगा।

हाथियों के लाइन के पास आने से नौ जोड़ी ट्रेन रद्द

जमशेदपुर। झारसुगुड़ा में लाइन के पास हाथियों के आने, कोहरे व मशीन ब्लॉक के कारण रेलवे ने 24 से 30 नवंबर तक दिन बदलकर टाटानगर की आठ लोकल-एक्सप्रेस के अलावा 13 अप-डाउन ट्रेनें रद्द की हैं। इनमें चाकुलिया, बड़बिल, गुवा, राउरकेला, बरकाकाना मेमू तथा टाटानगर-इतवारी-बिलासपुर व हटिया एक्सप्रेस शामिल हैं। लोकल ट्रेनें रद्द होने से कोल्हान के हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी।

टाटानगर होकर गुजरने वाली ट्रेनें रोज चल रही लेट

जमशेदपुर। टाटानगर होकर गुजरने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस (सोमवार को एक घंटे लेट), बक्सर-बिलासपुर, गीतांजलि, कुर्ला-शालीमार व अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें लेट चलती हैं। यात्री व संगठन सोशल मीडिया पर शिकायत करते हैं, लेकिन बिलासपुर व चक्रधरपुर मंडल में लेटलतीफी बढ़ जाती है, जिससे सैकड़ों यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोको शेड में अब 200 इंजन की होगी मरम्मत

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। टाटानगर समेत चक्रधरपुर मंडल के लोको शेड की क्षमता बढ़ाने का काम शुरू है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से इसके लिए फंड भी आवंटित हुआ है। चक्रधरपुर मंडल में लगभग 150 इंजन मरम्मत की क्षमता है, लेकिन जल्द ही यह 200 इंजन हो जाएगी। इससे पूर्व लोको शेड में पीट लाइन, प्लेटफॉर्म एवं शेड बनाने का भी आदेश हुआ था। जानकार बताते हैं कि टाटानगर समेत दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में अभी 1400 से ज्यादा इंजन हैं। लेकिन यात्री ट्रेनों व मालगाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे लाइन पर ज्यादा इंजन दौड़ते हैं। जिनकी समय से मरम्मत समेत रखरखाव के लिए रेलवे में संसाधन बढ़ाने की तैयारी है।

- दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से फंड आवंटित
- पहले 150 इंजन की होती थी मरम्मत

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए एडीईई/टीआरडी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सूचना सं. : टीआरडी-एडीए-ई-निविदा-22-2026, दिनांक 19.11.2026, कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के आद्रा-चान्डिल, आद्रा-आसनसोल, आद्रा-भोजूडीह, महुदा-गोमो और बोकारो स्टील सिटी-राजबेरा में 24 महीने (02 वर्ष) के लिए सभी महत्वपूर्ण स्पेयर्स और कम्पोनेंट की आपूर्ति सहित पीसी आधारित एससीएडी सिस्टम के 24 आरटीयू (रिमोट टर्मिनल यूनिट) का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 33,51,016.56, **उक्त कार्य के लिए ई-निविदा-22-2026 हेतु अंतिम तिथि और समय** 09.12.2026 को 15.00 बजे है एवं **निविदा** 09.12.2026 को 15.00 बजे के **बाद खोली जाएगी।** उक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। **(PR-1038)**

FORM NO. 17
[See Regulation 35(1)]

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk, Ranchi - 834001
RC/483/2017

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

HDFC BANK
Versus
AMAN ROAD LINES AND ORS

To,
(CD1) Sri Sukhdeo Singh, S/o Roor Singh, R/o 19D, Singh Road, Golmuri, P.O. & P.S. Golmuri, Jamshedpur:- 831003.

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/224/2017** drawn up by the Presiding Officer, **DEBTS RECOVERYTRIBUNAL RANCHI** for recovery of **Rs.17,78,617.98 (Rupees Seventeen Lacs Seventy Eight Thousand Six Hundred Seventeen And Paise Ninety Eight Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **27/11/2026** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **30/09/2026.**

Seal Of Tribunal
Sd/- Recovery Officer - I
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक
Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !

ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला – राँची, झारखंड – 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्त्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्त्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि / B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार / D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मुल्य (रू0 लाख में) / B) इएमडी / C) बोली वृद्धि राशि / D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	**शाखा कायार्लय : जमशेदपुर, जमशेदपुर** (006320) **मेसर्स ड्रीम होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर** क्वार्टर नं. 16/2/1, रोड नं. 1, बागबेड़ा कॉलोनी, जमशेदपुर – 831002 **श्री मनीष कुमार,** पिता – श्री सुरेश प्रसाद शर्मा, R/o – K2/24, रोड नं. 11, टेल्को कॉलोनी, जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम – 831004 **श्री संतोष कुमार सिंह,** पिता – श्री राम निहोरी सिंह, R/o – बागबेड़ा नया बस्ती, सिद्धू-कान्हू मैदान के निकट, जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम। **श्री संतोष कुमार पांडेय,** क्वार्टर. नं. 16/2/1, रोड नं. 1, बागबेड़ा कॉलोनी, जमशेदपुर – 831002	आवासीय फ्लैट के सभी भाग जो क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट (सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल) में निर्मित है, जिसमें 5वें तल पर स्थित फ्लैट संख्या E-4 शामिल है, जो वर्तमान में **"शबीना अपार्टमेंट"** के नाम से ज्ञात भवन में अवस्थित है। उक्त भवन रोड नं. 12, जवाहरनगर, मानगो, जमशेदपुर में स्थित है। इसमें कॉम्प्लेक्स के पार्किंग क्षेत्र में एक चारपहिया वाहन हेतु पार्किंग स्थान भी शामिल है। इसके साथ ही 150 वर्गफुट क्षेत्रफल की भूमि में आनुपातिक अविभाजित हिस्सेदारी भी सम्मिलित है, जो पुराना प्लॉट नं. 192, पुराना खाता नं. 39 के अंतर्गत दर्ज भूमि के हिस्से में स्थित है तथा नए खाता नं. 798 के अंतर्गत दर्ज नया प्लॉट नं. 987 (A, B, C) के हिस्से के अनुरूप है। उक्त संपत्ति मौजा – परडीह, थाना – मानगो, थाना नं. 1641, जिला अवर निबंधन कार्यालय एवं नगर – जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम, वार्ड नं. 8, एम.एन.ए.सी. में अवस्थित है। उक्त संपत्ति के साथ मेसर्स ड्रीम होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम से विक्रय विलेख संख्या 3317/3663, दिनांक 09.08.2016 के माध्यम से प्राप्त समस्त लाभ, सुखाधिकार, विशेषाधिकार, सुविधाएँ, प्रवेश एवं निकास के अधिकार, उपयोगिताएँ, सेवाएँ तथा लिफ्ट आदि भी सम्मिलित हैं। **संपत्ति की चौहद्दी :** उत्तर: खुला आकाश स्थान, दक्षिण: फ्लैट संख्या E-3, पूर्व: खुला आकाश स्थान, पश्चिम: सामान्य गलियारा (कॉमन पैसेज)	**A) 01.10.2021** **B) रु. 58,95,317.00** + आगे का ब्याज **C) 23.09.2025** **D)** सांकेतिक कब्जा	**A) रु . 21,93,000.00** **B) रु . 2,19,300.00** **C) रु . 50,000.00** **D) PUNB67942207**	**03.12.2026 11:00 AM to 04:00 PM**

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।

01. सम्पत्तियों को **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलमी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **03.12.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 02.12.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

तिथि : 18.11.2026
स्थान : जमशेदपुर

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस-2026

एवं वर्तमान सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर

स्थापना दिवस परवाड़ा
15 से 28 नवम्बर, 2026

प्रवेश नि:शुल्क

26 से 28 नवम्बर 2026
तक खेलगांव, राँची में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है

मेला-सह-प्रदर्शनी
विभागीय स्टॉल में जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपयोगी सेवाओं की विस्तृत जानकारी

जिला पवेलियन
हर जिले के विशिष्ट उत्पाद, पर्यटन और आर्थिक झलक साथ ही, राज्य स्तरीय मंच पर जिला स्तर के चयनित प्रतिभागियों का प्रतिभा प्रदर्शन।

सांस्कृतिक संध्या
राज्य की समृद्ध कला, लोक संगीत और मनमोहक पारंपरिक नृत्यों की भव्य प्रस्तुतियाँ

फ़ूड कोर्ट
धुस्का-घुघनी, पीठा, छिलका रोटी और असली झारखण्डी स्वाद।

जन-जन की भागीदारी
झारखण्ड की खुशहाली

आइए, हम सब मिलकर इस उत्सव के साक्षी बनें



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR: 394489 (IPRD) 26-27